**Page Three**

**Classified**

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# भाजपा के नेता संकुचित मानसिकता के हैः हरीश रावत

**आरोप**

## हरीश रावत ने बीजेपी पर नफरत की राजनीति करने का लगाया आरोप

**संवाददाता**

लालकुआं। उत्तराखंड में नामांकन बंद होने के बाद नेता अपने क्षेत्रों में प्रचार को जुट गए हैं। इस दौरान विरोधी पार्टियों पर खुलकर हमले भी शुरू हो गए हैं। पूर्व मुख्यमंत्री तथा लालकुआं विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के प्रत्याशी हरीश रावत ने प्रेस वार्ता कर भाजपा पर हमला बोला। कहा कि भाजपा के नेता संकुचित मानसिकता के हैं। लोगों को भरोसा दिलाया कि उनकी तमाम लंबित समस्याओं का समाधान शीघ्र कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि चुनाव जीतने के 6 महीने के अंदर लालकुआं में बाईपास का निर्माण कर दिया जाएगा।

हरीश रावत ने भारतीय जनता पार्टी पर नफरत की राजनीति करने का आरोप लगाया। कहा कि वे लोग संकीर्ण मानसिकता के दायरे से अब तक ऊपर नहीं उठे हैं और



तरह–तरह के भ्रामक प्रचार कर लोगों को गुमराह कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग आज उनके बाहरी होने का प्रचार कर रहे हैं जबकि उन्होंने अपने 55 वर्ष के राजनीति जीवन में कभी भी किसी के जन्म स्थान और पार्टी के संदर्भ में नहीं पूछा। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक लोगों को रोजगार स्वरोजगार दिला कर उत्तराखंड से पलायन को पूरी तरह से समाप्त कर दिया जाएगा। फसलों पर आने वाले संकट को देखते हुए तीन प्रकार की कार्य योजना में काम किया जाएगा। जिसमें राज्य फसल बीमा योजना लागू करने के अलावा जंगली जानवरों की रोकथाम के लिए आवश्यक उपाय तथा आवारा पशुओं से होने वाले नुकसान को देखते हुए जगह–जगह पशु आवास केंद्र बनाए जाएंगे।

कहा कि पशु आवास केंद्र की व्यवस्थाओं के संचालन के लिए लोगों को आमंत्रित किया जाएगा और उन्हें उचित प्रोत्साहन राशि दी जाएगी तथा पशु आवास केंद्र सरकार की ओर से बनाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि आईएसबीटी, अंतर्राष्ट्रीय चिड़ियाघर अंतराष्ट्रीय स्टेडियम गोला के तटवर्ती क्षेत्रों से जुड़ी समस्याओं का निदान उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने गोला खनन से जुड़े व्यवसायी डंपर स्वामियों के संदर्भ में कहा कि इस पर एक कमेटी का गठन कर अध्ययन कराया जाएगा और उनके होने वाले नुकसान की भरपाई की जाएगी। हरीश रावत ने भाजपा को चुनौती दी कि पांच साल में लालकुआं में इस कदर विकास कर देंगे कि लोग लालकुआं को उनके कर्म स्थान के रूप में जानेंगे।

## न्यूज डायरी

### कांग्रेस की फजीहतः लालकुंआ से बागी उम्मीदवार डालाकोटी चुनान मैदान में

**संवाददाता** हल्द्वानी। लालकुआं विधानसभा सीट पर कांग्रेस की बागी उम्मीदवार के चुनाव मैदान में उतरने से कड़े मुकाबले के आसार नजर आ रहे हैं। लालकुआं विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस ने पहले संध्या डालाकोटी को टिकट दिया था, लेकिन उसके बाद उनका टिकट काट कर पूर्व सीएम हरीश रावत को दे दिया। जिससे नाराज होकर उन्होंने लालकुआं से निर्दलीय नामांकन किया है। कांग्रेस को इस विधानसभा सीट पर बागी उम्मीदवार कहीं भारी नुकसान न पहुंचा दे इसके पूरे आसार बने हुए हैं। जिससे लालकुआं सीट पर मुकाबला कड़ा होने की संभावनाएं बढ़ गई है। वहीं, हरीश रावत और संध्या डालाकोटी के बीच आपसी मतभेद दूर होना बहुत मुश्किल लग रहा है।

### आबकारी विभाग की टीम ने 10 हजार लीटर लहन नष्ट किया

**संवाददाता** खटीमा। उत्तराखंड विधानसभा चुनाव 2022 की सरगर्मियों तेज होते ही नशा तस्कर भी सक्रिय हो गए है। हालांकि पुलिस और आबकारी विभाग ने नशा तस्करों के मसूबों पर पानी फेरने का पूरा इंतजाम कर रखा है, जिसमें टीम को कामयाबी भी मिल रही है। ताजा मामला उधमसिंह जिले के खटीमा का है, जहां आबकारी विभाग की टीम ने 10 हजार लीटर लहन को नष्ट किया है। चुनाव में वोटरों को लुभाने के लिए प्रत्याशी और राजनीतिक पार्टियां शराब का खूब इस्तेमाल करती हैं। ऐसे समय में शराब तस्करों की चांदी कटती है। शराब तस्करों पर नजर रखने और उनके मसूबों पर पानी फेरने के लिए उधमसिंह नगर जिलाधिकारी ने कई टीमों को गठन किया है। जो नशा तस्कर पर नजर रख रही है।

### बागियों को कंट्रोल करना भाजपा के लिए चुनौती

**संवाददाता** देहरादून। चुनाव में अब की बार 60 पार का नारा देने वाली भाजपा की मुश्किलें बागियों ने बढ़ा दी है। राज्य की दो दर्जन से भी अधिक सीटों पर भाजपा के अंदर भारी बगावत देखी जा रही है। जिनमें से 15 से 16 सीटों पर तो पार्टी के नेताओं ने अपने ही अधिकृत प्रत्याशी के खिलाफ नामांकन पत्र भरके भाजपा के सामने गंभीर संकट की स्थिति पैदा कर दी है। इस बगावत से भाजपा कैसे निपटती है यह उसके लिए सबसे बड़ी चुनौती है। धर्मपुर सीट से भाजपा ने पूर्व मेयर और विधायक विनोद चमोली को अपना अधिकृत प्रत्याशी बनाया है लेकिन इस सीट पर टिकट न मिलने से नाराज भाजपा नेता वीर सिंह पंवार निर्दलीय चुनाव मैदान में उतर चुके हैं। डोईवाला सीट पर भाजपा ने अंतिम समय में भले ही प्रत्याशी बदलकर बृजभूषण गैरोला को अपना उम्मीदवार बनाया हो लेकिन उनके लिए भी राह आसान नहीं है।

# धनोल्टी में अमेन्द्र बिष्ट ने खींची राजनीतिक सुचिता की लकीर

**संवाददाता** नैनबाग (टिहरी)। धनोल्टी विधानसभा क्षेत्र के नैनबाग में आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी अमेन्द्र बिष्ट ने दलगत राजनीति से ऊपर उठकर भाजपा और कांग्रेस के कार्यालयों में जाकर दोनों दलों के कार्यकर्ताओं से क्षेत्र के विकास के लिए समर्थन मांगा। अमेन्द्र बिष्ट के इस फैसले की हर कोई तारीफ कर रहा है। यहां तक कि विपक्षी दलों के कार्यकर्ताओं ने इसे राजनीतिक सुचिता करार दिया।

धनोल्टी विधानसभा क्षेत्र में अमेन्द्र बिष्ट ने अपने जनसम्पर्क के दौरान नैनबाग में विपक्षी दलों के कार्यालयों में जाकर भाजपा और कांग्रेस का कार्यकर्ताओं से समर्थन मांगा। अमेन्द्र ने दोनों दलों के कार्यकर्ताओं के साथ धनोल्टी के भविष्य को लेकर चर्चा की। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि वह अपनी पार्टी के लिए पूरी निष्ठा के साथ काम करें लेकिन धनोल्टी के विकास के लिये वह उन्हें वोट और समर्थन दें। भाजपा और कांग्रेस के दफ्तरों में जाकर समर्थन मांगे जाने को लेकर अमेन्द्र बिष्ट की जमकर तारीफ हो रही है। उनके इस कदम को राजनीतिक सुचिता के तौर पर देखा जा रहा है। वहीं विपक्षी दलों के कार्यकर्ताओं ने भी अमेन्द्र का आपने कार्यालयों में स्वागत कर उन्हें चुनावी जीत की शुभकामनाएं दीं।

विपक्षी दलों ने भी माना कि अमेन्द्र ने राजनीतिक सुचिता की जो लकीर खींची है उसे दरकिनार करना किसी भी पार्टी कार्यकर्ता के लिए आसान नहीं है।



### डीआईटी विश्वविद्यालय के 5वें दीक्षांत समारोह में 1488 उपाधियां प्रदान की गई

**संवाददाता** देहरादून। डीआईटी विश्वविद्यालय, देहरादून ने शैक्षणिक वर्ष 2021 में उत्तीर्ण होने वाले शैक्षणिक वर्ष के सफल छात्रों को डिग्री प्रदान करने के लिए शनिवार, 29 जनवरी, 2022 को अपना 5वां दीक्षांत समारोह आयोजित किया। कोविड प्रतिबंधों के कारण दीक्षांत समारोह का आयोजन हाइब्रिड मोड में किया गया था। इस समारोह में विश्वविद्यालय के गणमान्य व्यक्ति, पीएचडी डिग्री प्राप्त कर्ता और पदक विजेता टॉपर्स अपने माता–पिता के साथ शामिल हुए। कोविड –19 की रोकथाम के लिए सरकारी नियमों और दिशानिर्देशों का पालन करने के लिए पर्याप्त सावधानी बरती गई। विश्वविद्यालय परिसर में कार्यक्रम में प्रत्यक्ष रूप से भाग लेने वाले सभी लोगों ने इन प्रतिबंधों का पालन किया।

# बागियों को मनाने संडे को कपकोट पहुंचेंगे सीएम धामी

**संवाददाता** बागेश्वर। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी रविवार को कपकोट आ रहे हैं। वह भराड़ी और कपकोट में डोर–टू–डोर लोगों से मुलाकात भी करेंगे। वहीं, पार्टी कार्यकर्ताओं से चुनाव की समीक्षा करेंगे। टिकट नहीं मिलने से नाराज पूर्व विधायक शेर सिंह गढ़िया भी सीएम से मुलाकात करेंगे। कपकोट से पार्टी प्रत्याशी सुरेश गढ़िया की जीत सुनिश्चित करने के लिए सीएम यहां पहुंच रहे हैं।

कपकोट विधानसभा में सियासी हलचलें अभी थमी नहीं हैं। टिकट कटने से नाराज चल रहे पूर्व विधायक शेर सिंह ऐठानी ने नामांकन तो नहीं किया। लेकिन उनके मन में टिकट नहीं मिलने की टीस है। शायद ही वह जख्म जल्द भरे। लेकिन बीते शुक्रवार को सीएम को कपकोट आना था। जिसकी तैयारियां भी केदारेश्वर मैदान में की गई थीं। कार्यकर्ता भी वहां सुबह से डटे हुए थे।

सीएम को पहले 12 और फिर डेढ़ बजे यहां पहुंचना था। लेकिन मौसम खराब होने के कारण उनका हेलीकाप्टर खटीमा से उड़ान नहीं भर सका था। उन्होंने मोबाइल फोन से कार्यकर्ताओं को आश्वासन दिया था कि वह एक–दो दिन में आएंगे। अब सीएम रविवार को लगभग 11 बजे केदारेश्वर मैदान में हेलीकाप्टर के जरिए पहुंचेंगे। वहां वह कार्यकर्ताओं से बातचीत करेंगे। रूठे हुए लोगों को मनाने की कोशिश होगी। उसके बाद भराड़ी और कपकोट बाजार का रुख करेंगे। यहां लोगों से मुलाकात करेंगे। मतदाताओं की टोह भी लेंगे।उसी दिन वह यहां से अपने गतंव्य को रवाना होंगे।

**कपकोट सीट पर भाजपा के लिए चुनौती**

कपकोट सीट भाजपा के लिए चुनौती भी है। यहां से पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी दो बार चुनाव जीते। उसके बाद विधायक बलवंत भौर्याल ने कमान थामी। अब युवा चेहरा सुरेश गढ़िया मैदान में हैं। वह जहां पूर्व सीएम भगदा के नजदीकी हैं, वहीं सीएम धामी का भी उनके सिर पर हाथ है। यह सीट भाजपा के लिए नाक की बात भी है।

### उम्मीदवारों के नामांकन पत्रों की जांच शुरू

**संवाददाता** देहरादून। राज्य की 70 विधानसभा सीटों पर होने वाले चुनाव के लिए लगभग साढ़े सात सौ प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किए हैं। इन सभी नामांकन पत्रों की जांच शनिवार से शुरू हो गयी। निर्वाचन आयोग द्वारा त्रुटिपूर्ण आवेदनों को खारिज कर यह स्पष्ट कर दिया जाएगा कि कितने नामांकन पत्र सही पाए गए और कितने गलत। उधर जांच का काम जारी है, इधर सभी नामांकन कर्ताओं की धड़कनें इस बात को लेकर धड़कने लगी है कि कहीं उनका नामांकन पत्र रद्द न कर दिया जाए। जांच में जो भी नामांकन पत्र अब त्रुटिपूर्ण पाए जाएंगे वह प्रत्याशी चुनाव मैदान से बाहर हो जाएंगे। इस बार सबसे अधिक नामांकन पत्र दून से भरे गए हैं जिनकी संख्या 144 है। वहीं, चंपावत जिले में सबसे कम 15 नामांकन पत्र भरे गए हैं। दून की धर्मपुर सीट पर सर्वाधिक 20 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन पत्र भरे गए हैं। टिहरी जिले की 6 सीटों पर 44 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र भरे हैं।